

**सूरत।** सचिन जी.आई.डी.सी विस्तार में स्वच्छ भारत अभियान की पोल खोलती तस्वीर। सचिन विस्तार में रहने वाले लोगों की बिमरियों का कारण बनती इस गंदगी को देश कर किसी की भी स्वच्छ भारत अभियान से विस्वास उठ जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक सचिन विस्तार में सफाई अभियान चल रहा है लेकिन एक कंपति के पास की इस तस्वीर को देश कर आप सफाई अभियान का काम देख सकते है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि हमने फरियाद दिया हुआ है लेकिन किसी प्रकार की अभी तक कार्यवाही नहीं की गई है। क्या यह कह देने से कंपनी मालीक अपना पल्ला छाड़ सकते है? कंपनी मालीक का कहना है कि हमने 1 साल पहने ही इसकी शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसे में इस गंदगी की जिम्मेदारी किसी है और इस गंदगी से बीमार होकर मरने वाले लोगों की जिंदगी की जिम्मेदारी किसी है यह सवाल खड़ा कर रही है यह तस्वीर।



# सचीन जी.आई.डी.सी में गल्ला, लारी वाले हफ्ताखोरों से परेशान

सूरत। सचिन जी.आई.डी.सी में लारी गल्ला वालों के पास से रोज पैसे लेते माफियाओं से परेशान हेकर पुलिस स्टेशन में शिकायत कराई गई है। इन माफियों के आतंक से परेशान होकर लोगों ने अलग-अलग जगहों पर फरियाद की है। इन माफियाओं के सिर पर किसका हाथ है और कौन-कौन इसमें शामिल है इसका पता तो जांच से ही पता चलेगा। लेकिन पुलिस प्रशान इन हफ्ताखोरों से आम लोगों को जितना जल्दी मुक्ति दिला सकेंगे उतना ही लारी गल्ला वालों के लिए अपने परिवार का पालन-पोषण करने में मदद मिलेगी। अलग-अलग राज्यों से लोग यहा अपने परिवार को खुशहाल जिंदगी देने के लिए सूरत आते है और यहां पर कुछ काम करते है। जिससे वे अपने बच्चों का भविष्य सुधार सके, ऐसे में उनको अगर अपनी गाढी कमाई में से ज्यादा हिस्सा अगर हफ्ता माफिया को देना पड़ जाता है तो उसे अपने परिवार का पालन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# राज्यसभा चुनाव में गुजरात में फिर होगा भाजपा-कांग्रेस में कांटे का मुकाबला

## दो सीटों को लेकर होगी माथापच्ची

**अहमदाबाद।** पिछले साल गुजरात में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को बुहत अधिक सीटों के नुकसान हुआ था यह नुकसान अब भाजपा का राज्यसभा की गणित पूरी तरह बिगड़ रहा है। इसके कारण भारतीय जनता पार्टी को गुजरात की दो सीटें गंवाना पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को राज्यसभा की 58 सीटों पर चुनाव होना है, जिनमें से चार गुजरात की हैं और ये सभी भाजपा की हैं। दिसंबर, 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करे तो कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों को दो-दो सीटें मिलेंगी। गुजरात के 2012 के चुनाव भाजपा के 115 विधायक थे जो अब घटकर 99 रह गए हैं,जबकि कांग्रेस की 60 सीटें थीं जो बढ़कर 77 हो गई हैं। राज्यसभा में इसमाह गुजरात से जो सदस्य निवृत होने जा रहे हैं, उनमें अरूण जेटली, पुरूषोत्तम रूपाला और मनसुख मांडविया मोदी सरकार में मंत्री हैं,जबकि चौथे सदस्य शंकर भाई वेगड हैं। इनमें से अरूण जेटली को पार्टी ने उत्तरप्रदेश से प्रत्याशी बनाया है। बाकी बचे तीन सदस्यों में से दो का चयन पार्टी के लिए मुश्किल भरा होगा। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि भाजपा के पास 99 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 77 सदस्य हैं। राज्यसभा के नियम अनुसार एक सदस्य को जीतने के लिए 38 वोट की जरूरत होगी, इसलिए दोनों पार्टी दो-दो सीट की उम्मीद बांधे हुए हैं। गुजरात कांग्रेस के महासचिव निशित व्यास का कहना है कि विधाय ?कों की संख्या को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस निश्चित तौर पर दो सीटें भाजपा से छीन लेगी। हमारे पास पर्याप्त वोट हैं। कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष भरतसिंह सोलंकी और अन्य नेता जो विधानसभा चुनाव हार गए हैं,जैसे शक्तिसिंह गोहिल,अर्जुन मोढवाडिया,सिद्धार्थ पटेल और तुषार चौधरी भी दौड़ में हैं। सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा की सीटों के लिए उम्मीदवारों का अंतिम निर्णय दिल्ली में पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाएगा। पार्टी के अनुसार, भाजपा के लिए 2 सीटों से अधिक यानी तीसरे सदस्य के लिए बड़ी चुनौती होगी,इसलिए वित्तमंत्री अरूण जेटली को दूसरे राज्य में शिफ्ट कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2017 में भाजपा और कांग्रेस के बीच राज्यसभा चुनाव को लेकर घमासान हुआ था। कांग्रेस अपने विधायकों को बेंगलुरू के नजदीक एक रिसोर्ट में ले गई थी,ताकि पार्टी विधायक टूटे नहीं। यह चुनाव दोनों पार्टियों के लिए नाक का सवाल बन गए थे। अंतत: कांग्रेस के अहमद पटेल अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे थे।

## सामान्य बाबत को लेकर 9वीं कक्षा के छात्र ने की खुदकुशी

**सुरत।** शहर के कडोदरा स्थित नंदनवन रेसिडेन्सी में रहनेवाली 9वीं कक्षा की छात्रा ने अपने जन्मदिवस के लिए नए कपड़े न मिलने पर नाराज होकर जहरीली दवाई पी कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। सूत्रों के मुताबिक सुरत शहर के कडोदरा नंदनवन रेसिडेन्सी में बाबुभाई दुधाभाई परमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। बाबुभाई को 15 वर्षीय किशोरी त्रिशा है, जो कि 9वीं कक्षा में पढाई कर रही है। त्रिशा का आगामी 13 मार्च को जन्मदिवस था।

# गुजरात में सायकल घोटाला, शिक्षामंत्री ने दिए जांच के आदेश

## धूल खा रही 5 हजार से अधिक सायकल



**अहमदाबाद।** शुक्रवार को राज्य में सायकल घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। राज्य में प्रवेशोत्सव के दौरान गरीब विद्यार्थियों को सायकलें दी जाती हैं, जबकि सरकारी अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये सायकलें धूल खा रही हैं। एक के बाद एक जिले में सायकल घोटाला उजागर हो रहा है। आणंद में करीब 5 हजार सायकलों के घोटाले का भंडाफोड़ होने के बाद शिक्षामंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं, जबकि आणंद के बाद अब वलसाड जिले का सायकल घोटाला भी बाहर आया है। मिली जानकारी के अनुसार, बलसाड जिले में वर्ष 2015 के शाला प्रवेशोत्सव के दौरान गरीब छात्रों को सायकल वितरण किया जाना था परंतु तीन साल से ये सायकलें वलसाड में धूल खा रही हैं। तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी बच्चों को ये सायकलें नहीं मिली। बताया जाता हैं कि 1 हजार से अधिक सायकलें धूल खाते पड़ी हैं। इसके बाद भी वलसाड जिला प्रशासन गहरी कुंभकर्णी निद्रा में है। पोरबंदर में भी सायकल घोटाला सामने आया है। 2017 के प्रवेशोत्सव के समय छात्रों को सायकल आवंटन के बाद 168 सायकलें बच गई थी। इन सायकलों को नियमानुसार जमा किया जाना था पर विभागीय लापरवाही के चलते इन्हें जमा नहीं करवाया गया और ये भंगार में तब्दील हो गईं। सायकल जमा कराने के लिए समाज कल्याण अधिकारी ने सरकार को पत्र भी लिखा पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि आणंद जिले के बोरसद में पंचायत के एक कमरे में करीब 5 हजार से अधिक सायकलें धूल खाती हुई हालत में मिली थी। माना जा रहा है कि ये सायकलें 2015 में छात्रों को वितरित की जाना थी। सायकल घोटाले के बाद शिक्षा मंत्री भूपेंद्रसिंह चुडासमा ने जांच के आदेश दिए थे। ठासरा तहसील के वाणुती प्राथमिक शाला के प्रार्थना खंड में भी करीब 4 सौ से अधिक सायकलें मिलीं थीं। इन सायकलों पर 2015 के प्रवेशोत्सव का सिम्बॉल भी लगा हुआ था।

## जहांगीरपुरा की विवाहिता ने लगाई फांसी

**सूरत।** शहर के जहांगीरपुरा लक्ष्मीवाड़ी के सामने रहने वाली एक विवाहिता ने पंखे के साथ रस्सी बांध फांसी पर झूल गई। पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जहांगीरपुरा लक्ष्मीवाड़ी के सामने सुन्दरवन रो-हाउस के घर नं. बी-220 में रहने वाले अजय बावजीभाई पटेल की पत्नी हेतनबेन (31 वर्ष) ने गुरुवार को पंखे के साथ रस्सी बांधकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। हेतनबेन ने किन कारणों से ऐसा कदम उठाई, इसका खुलाशा नहीं हो पाया है। जहांगीरपुरा पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेजकर आगे की जांच कर रही है।

## रंधोला दुर्घटना: ट्रक चालक गिरफ्तार

**भावनगर।** रंधोला ट्रक दुर्घटना के जिम्मेदार ट्रक चालक को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि ट्रक चालक के पास लाइसेंस ही नहीं था। सूत्रों के मुताबिक भावनगर के रंधोला में बारातियों से लदा ट्रक नाले में गिर जाने से 35 बारातियों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया था। आज पुलिस ने ट्रक चालक नीतिन लालजी वाघेला को कुंढली गांव से गिरफ्तार कर लिया। हादसे के बाद फरार नीतिन ने सोशियल मीडिया में खुद के आत्महत्या कर लेने की खबरें फेलाई थी। आखिरकार पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की प्राथमिक जांच से पता चला कि ट्रक चालक नीतिन के पास लाइसेंस ही नहीं था और ट्रक मालिक को नीतिन के पास लाइसेंस नहीं होने की जानकारी के बावजूद उसे ट्रक चलाने के लिए दिया था। पुलिस ने नीतिन के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरु की है। गौरतलब है कि भावनगर जिले के अनिडा गांव निवासी प्रवीणभाई कोली अपने पुत्र विजय कोली की ट्रक में बारात लेकर बोटाद जिले के टाटम की ओर जा रहे थे। रास्ते में रंधोला के निकट बारातियों से भरा ट्रक बेलगाम हो गया और ब्रिज से नीचे जा गिरा। ब्रिज से ट्रक के नीचे गिरते ही दर्दनाक चीखों से वातावरण गूंज उठा और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही भावनगर, बोटाद, सिहोर, उमराला से, एम्ब्युलैंस 108, पुलिस और फायर ब्रिगेड का क्रेइन के साथ काफिला घटनास्थल पर पहुंच गया तथा युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू कर दिया।

# मनपा की तिजोरी खाली, सरकारी ग्रांट मिलने के बाद ही प्रोजेक्ट शुरू करने की सूचना



**सूरत।** मनपा के वर्ष 2018-19 के बजट में शीर्ष में समाहित किए गए प्रोजक्टों को सरकारी ग्रांट मिलने के बाद ही शुरू करने के लिए मनपा आयुक्त द्वारा सूचित किया गया है।

मनपा की आर्थिक स्थित दयनीय होने के कारण जब तक ग्रांट नहीं आ जाता तबतक निर्धारित प्रोजक्टों पर ब्रेक लगा रहेगा। सूरत मनपा के आगामी बजट 2018-19 में अनेक प्रोजक्टों को शामिल किया गया है। इन प्रोजक्टों का खर्च पूरा करने के लिए मनपा कमि. ने 543 करोड़ मिल्कियत वेरा वसूलने के लिए सूचित किया है। परंतु इसका विरोध किए जाने से सिर्फ यूजर चार्ज में ही बढ़ोत्तरी की गई है। जिससे आय के रास्ते बन्द हो चुके हैं और मनपा की तिजोरी खाली है, इसलिए मनपा कमि. ने जबतक सरकारी ग्रांट नहीं मिल जाता तबतक नये प्रोजक्टों पर ब्रेक लगा दिया है। इसी के साथ ही जो बजट में शामिल नहीं है, ऐसे किसी भी फाइल को आगे बढ़ाने के लिए मनाई है।

# डॉ. तोगड़िया की सुरक्षा में खामी, एक पीआई सहित तीन सस्पेंड

## विहिप के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख प्रवीण तोगड़िया की कार कामरेज में दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी



**सूरत।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. प्रवीण तोगड़िया की कार को कामरेज के पास ट्रेलर द्वारा पीछे से आकर टक्कर मारने की घटना में जेड प्लस की सुरक्षा में खामी रखने के बदले में एलआईबी के पुलिस सब इंस्पेक्टर सहित तीन लोगों को एसीपी डॉ. महेश नायक ने सस्पेंड कर दिया है।

विवरण के अनुसार डॉ. प्रवीण तोगड़िया तीन दिन पहले अपनी कार में वडोदरा से सूरत की ओर आ रहे थे। उसी समय कामरेज के समीप पहुंचते ही पीछे से ट्रेलर चालक ने टक्कर मार दिया था। इस घटना में जेड प्लस की सुरक्षा में खामी होने की बात करते हुए डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने गंभीर आरोप लगाए थे। घटना को गंभीरता से लेते हुए सूरत रेंज के आईजीपी ज्ञानेन्द्रसिंह मलिक ने सूरत जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. महेश नायक को जांच के आदेश दिए थे। प्रारंभिक जांच के अंत में डॉ. नायक ने एलआईबी के इंचार्ज पुलिस सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार संगाडा, हेड कांस्टेबल जीवण गवलाभाई और कांस्टेबल राजेन्द्र शिसोदे को सस्पेंड कर दिया।

# मुख्यमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगी

## 400 लोग हुए ठगी का शिकार, महिला सहित दो गिरफ्तार

सूरत। शहर में मुख्यमंत्री आवास योजना के नाम से धोखाधड़ी करने की घटना सामने आई है। मुख्यमंत्री के नाम के साथ जुड़ी आवास योजना में लोगों के पास से 20 लाख की ठगी की गई है। जिसमें करीब 400 लोगों को ठगी का शिकार होने की जानकारी मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने के नाम से 50-50 हजार का चेक लेने की शिकायत रांदेर पुलिस में दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होते ही ठगी का समग्र मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित दो को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

## गोडादरा धीरजनगर की युवती ने लगाई फांसी

**सूरत।** शहर के लिंबायत पुलिस थाना अंतर्गत गोडादरा के धीरजनगर में रहने वाली एक युवती ने किसी कारणों से फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लिंबायत गोडादरा के धीरजनगर घर नं. 82 में रहने वाले अशोक पटेल की 20 वर्षीय बेटी प्रियंका ने गुरुवार को देर रात्रि 12 बजे के करीब किसी अज्ञात कारणों से अपने घर में पंखे के हुक के साथ दुपट्टा बांधकर फांसी लगी बेहोशी की हालत में मिली। प्रियंका के पिता अशोकभाई इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल में ले गए। जहां पर प्रियंका को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संदर्भ में लिंबायत पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

# कीट नाशक दवा खाने से युवती की मौत

**सूरत।** शहर के अमरोली मनीषा गरनाला के पास एम्बेवेली हाइट्स में रहने वाली एक महिला की कीट नाशक दवा खाने से मौत हो गई। अमरोली पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। घटना के संदर्भ में अमरोली पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरोली मनीषा गरनाला के पास एम्बेवेली हाइट्स के सामने एच-1304 सेंट्रोसा हाइट्स में रहने वाले आशीष जयसुखभाई वोरा की पत्नी बनिताबेन (37 वर्ष) ने गुरुवार को किसी समय किसी कारणों से अनाज में रखी जाने वाली कीट नाशक टिकिया खाकर आत्महत्या कर ली। आशीषभाई ने घटना की जानकारी अमरोली पुलिस को दिया। पुलिस स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ऑफसेट एफपी. 149, प्लोट 26 खोडियार नगर, सिद्धीविनायक मंदिर के पास, (भाटेना) हॉ.सो. अंजना सूरत, गुजरात से मुद्रित, एवं 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **Tc.No. : GUJHIN00722**, E-mail: krantisamay@gmail.com